पेज थ्री देहरादून
पौधारोपण करते मूक बधिर विद्यार्थी।
देहरादून, शनिवार 17 अगस्त, 2019




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरखंड पुलिस ने टिकट,क के साथ मिलाया हाथ

संवाददाता देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने हाल ही में दुनिया के अग्रणी शॉर्ट–फॉर्म वीडियो प्लेटफॉर्म टिकटॉक के साथ हाथ मिलाया है। यह साझेदारी राज्य के नागरिकों के साथ सीधे सम्पर्क बनाते हुये अपने दर्शकों के लिये सुरक्षा एवं सामाजिक प्रासंगिकता के संदेश को फैलाने के लिये उनके जारी मिशन के अनुरूप की गई है।

### बच्चों को स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन का महत्व बताया

संवाददाता देहरादून। स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजावाला में झंडारोहण किया। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी और कहा कि 'स्वतन्त्रता दिवस का यह पर्व हम सभी भारतीयों को वीर सपूतों के त्याग, बलिदान और उनकी शहादत को याद दिलवाता है जिनकी बदौलत आज हम खुले में सुख–चौन की सांस ले पा रहे हैं।

### डीजीपी ने हस्ताक्षर साइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता देहरादून। पैरास्पोर्ट्स को बढ़ावा देने व जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आदित्य मेहता फाउंडेशन (एएमएफ) ने पैरास्पोर्ट्स का समर्थन एवं फंड जुटाने के लिए शहर में अपने हस्ताक्षर साइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाई। आईटीबीपी (भारत–तिब्बत सीमा पुलिस) द्वारा समर्थित, इन्फिनिटी राइड–2019 16 से 23 अगस्त तक आयोजित की गयी है, जहां 15 पैरा साइकिल चालक व 25 शारीरिक रूप से सक्षम साइकिल चालक दुनिया की सबसे ऊंची मोटर मार्ग पर देहरादून से माना पास की दूरी तय करेंगे।

### निरंकार प्रभु से जुड़कर ही प्रशस्त होता है मुक्ति मार्गः हरभजन सिंह

देहरादून। देश को तो आजादी मिल गई है परन्तु क्या हमारी आत्मा को भी आजादी प्राप्त हुई है?

आत्मा को आजादी सिर्फ निरंकार प्रभु परमात्मा की जानकारी से ही मिल सकती है, जब मनुष्य की आत्मा निरंकार से जुड़ जाती हैं तो हमारे अन्दर के विकार भी स्वतः समाप्त हो जाते हैं। निरंकार प्रभु से जुड़कर हमें इन कमियों एवं विकारों से भी मुक्ति मिल जाती है।

## रिस्पना एवं बिन्दाल नदियों के पुनर्जीवीकरण के प्रयासों में लाएं तेजी

■ नदियों को उसके पुराने स्वरूप में लाना हम सबकी जिम्मेदारी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रिस्पना एवं बिन्दाल नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिये किये जा रहे प्रयासों में तेजी लाने को कहा है।

उन्होंने इसके लिये कार्यदायी संस्था के चयन को अन्तिम रूप प्रदान करने के साथ ही योजना के क्रियान्वयन से सम्बन्धित औपचारिकतायें 15 दिन में पूर्ण करने के भी निर्देश दिये हैं।

शुक्रवार को सचिवालय में रीवर फ्रन्ट डेवलपमेंट योजना से सम्बन्धित बैठक में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि रिस्पना व बिन्दाल नदियों का पुनर्जीवित होना इन नदियों के साथ ही देहरादून के भी व्यापक हित में है। इससे सामाजिक सुरक्षा के साथ ही नदी क्षेत्रों के स्वरूप में भी बदलाव आयेगा। उन्होंने कहा कि इन नदियों को उसके पुराने स्वरूप में लाना हम सबकी जिम्मेदारी है।



रीवर फ्रन्ट डेवलपमेंट योजना से सम्बन्धित बैठक लेते मुख्यमंत्री।

# रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा वर्ष 2019: मुख्यमंत्री

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, आश्रितों और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

■ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके आश्रितों को शॉल की भेंट

संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य समारोह परेड मैदान में आयोजित किया गया। यहां सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके आश्रितों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने थाना मुनस्यारी को सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित होने पर एस.ओ मुनस्यारी प्रदीप चौहान को भी सम्मानित किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में राज्य की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस बार स्वतंत्रता दिवस पर परेड ग्राउण्ड एवं सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में प्लास्टिक के उत्पादों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया था एवं स्थानीय उत्पादों पर आधारित मिष्ठान वितरित किया गया। प्रदेश को पॉलिथीन मुक्त बनाने व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा पहल की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने फोटो गैलरी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि वर्ष 2019 को रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सभी रिक्त सरकारी पदों पर समयबद्ध तरीके से भर्ती की जाएगी। इसकी मॉनिटरिंग के लिए कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करते सीएम।

### बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग के मूक बधिर विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

संवाददाता देहरादून। अधिक से अधिक पेड़ लगाए और अधिक अधिक स्वस्थ हवा में सांस ले " इस संकल्प के साथ बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग देहरादून के मूक बधिर विद्यार्थियों ने सहस्त्रधारा रोड पर क्रिसाली चौक से 5 किलोमीटर सड़क जो कि बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग राजपुर रोड पर पहुँचती है पर पौधारोपण अभियान तथा सड़क के दोनों और फैली गन्दगी की सफाई की।

इस अभियान में भाग लेने वाले विद्यार्थी मूक और बधिर है। इन्होने इस अभियान में भाग लेकर प्रकृति को सवारने और संरक्षित करने के बारे में सीखा और संकल्प लिया कि वे जीवन भर प्रकृति का सरंक्षण करेंगे। इस ग्रीन अभियान में चेयरपर्सन, बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग, श्रीमती राधा बजाज और विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया और सभी को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि वृक्षारोपण एक आजीवन निवेश है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।